शनिवार
01 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





## दिल्ली विश्वविद्यालय ने 100 वर्षों में अपने मूल्यों को जिंदा रखा है: मोदी

- दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- कार्यक्रम में जाने के लिए पीएम मोदी ने दिल्ली मेट्रो में किया सफर, यात्रियों से की बात

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में जाने के लिए उन्होंने दिल्ली मेट्रो का भी सफर किया। समारोह के दौरान पीएम ने दिल्ली विश्वविद्यालय कंप्यूटर सेंटर और प्रौद्योगिकी संकाय की इमारत और दिल्ली विश्वविद्यालय के अकादमिक ब्लॉक की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि डीयू ने 100 वर्षों में अपने मूल्यों को जिंदा रखा है। पीएम ने कहा कि कोई भी देश हो, उसकी यूनिवर्सिटीज और शिक्षण संस्थान उसकी उपलब्धि का सच्चा प्रतीक होते हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी सिर्फ एक यूनिवर्सिटी नहीं बल्कि एक मूमेंट रही है। इस यूनिवर्सिटी ने हर मूमेंट को जिया है, इस यूनिवर्सिटी ने हर मूमेंट में जान भर दी है।





कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम मोदी।



दिल्ली मेट्रो में सफर के दौरान यात्रियों से की बात करते प्रधानमंत्री।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था, जब दिल्ली यूनिवर्सिटी में सिर्फ 3 कॉलेज थे, अब 90 से ज्यादा कॉलेज हैं। कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय ने ऐसे समय में अपने 100 वर्ष पूरे किए हैं, जब देश अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर अमृत महोत्सव मना रहा है। पीएम ने कहा कि 25 साल बाद जब देश अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब डीयू अपनी स्थापना के 125 वर्ष मनाएगी। तब हमारा लक्ष्य भारत की स्वतंत्रता था। अब हमारा लक्ष्य 2047 तक विकसित भारत का निर्माण है। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षण संस्थान दुनिया में एक अलग पहचान बना रहे हैं। एक समय था जब छात्र किसी संस्थान में दाखिला लेने से पहले सिर्फ प्लेसमेंट को ही प्राथमिकता देते थे। लेकिन आज, युवा जिंदगी को इसमें बांधना नहीं चाहता, वो कुछ नया करना चाहता है। अपनी लकीर खुद खींचना चाहता है। आज देश भर में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय, कॉलेज बनाए जा रहे हैं।

### दिल्ली में बनेगा विश्व का सबसे बड़ा हेरीटेज म्यूजियम

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच आईसैट डील हुई है। इस डील से सेमी कंडक्टर से लेकर स्पेस तक तमाम अवसर पैदा होने वाले हैं। अब हमें कई तकनीकों का एक्सेस मिलेगा। माइक्रॉन जैसी कंपनी भारत आ रही है। आपके लिए नए-नए अवसर मिलेंगे। भारत ने नए सेक्टर खोले हैं। भारत की विकास यात्रा से स्टूडेंट को लाभ हो रहा है। आज दुनिया के लोग भारत की संस्कृति को जानना चाहते हैं। दिल्ली में विश्व का सबसे बड़ा हेरीटेज म्यूजियम युगे युगीन बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की साफ्टपॉवर बढ़ रही है। इसके लिए हर विवि को अपने लिए लक्ष्य बनाना पड़ेगा। जब आप 125 साल मनाएं तब आपकी रैंकिंग टॉप पर हो। इसके लिए आपको प्रयास करना होगा। पिछले कुछ वर्षों में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी, एम्स जैसी संस्थाओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हुई है। ये सभी संस्थान नए भारत के निर्माण खंड में बन रहे हैं।

## दिल्ली सरकार केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली की आप सरकार अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग पर केंद्र सरकार के अध्यादेश को चुनौती देने सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार का अध्यादेश असंवैधानिक है। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आप सरकार ने कहा कि केंद्र सरकार के अध्यादेश पर तुरंत रोक लगाई जाए।

केंद्र सरकार ने बीते महीने दिल्ली में ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के लिए एक अध्यादेश जारी किया था। जिसका अरविंद केजरीवाल की सरकार विरोध कर रही है। अध्यादेश जारी किए जाने से कुछ दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पुलिस, कानून-व्यवस्था और भूमि को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार को सौंप दिया था। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट का आदेश भी नहीं मान रही और ये अध्यादेश असंवैधानिक है।

### आप नेता जलाएंगे अध्यादेश की कॉपी

आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 3 जुलाई को आम आदमी पार्टी कार्यालय में इस अध्यादेश की प्रतियां जलाएंगे। आप प्रवक्ता और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 3 जुलाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, कैबिनेट मंत्री और सभी विधायक आईटीओ पार्टी कार्यालय पर काले अध्यादेश की प्रतियां जलाएंगे। फिर 5 जुलाई को सभी 70 संसदीय क्षेत्रों में अध्यादेश की प्रतियां जलाई जाएंगी।

## खबरें फटाफट

### नवादा में बिजली गिरने से तीन युवकों की मौत

**नवादा।** शुक्रवार की दोपहर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के आजमपुर गांव में बिजली गिरने से तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं चार युवक जख्मी हुए हैं। तीन को इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर किया गया तो वहीं एक युवक का इलाज वारिसलीगंज पीएचसी में चल रहा है। बताया जाता है कि खेत में काम करने के दौरान यह घटना हुई है। मृतकों की पहचान आनंदी सिंह के 22 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार, देवनारायण सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार और अनिल झा के 19 वर्षीय पुत्र सोसा कुमार उर्फ श्याम बिहारी के रूप में की गई है। सभी लोग खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान मेघ गर्जन के साथ बारिश होने लगी और वज्रपात की चपेट में सभी आ गए। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

### मोहनिया में वज्रपात से तीन लोगों की मौत

**कैमूर।** जिले के मोहनिया अनुमंडल में शुक्रवार को गिरी बिजली ने तीन लोगों की जान ले ली, जिसमें दो लोग मोहनिया थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। एक नुआंव थाना क्षेत्र के रहने वाला बताया जा रहा है। मृतकों की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के चौरसिया गांव के 18 वर्षीय गोलू तो दूसरा उत्तर प्रदेश के हरदोई थाना के रहने वाला 10 वर्षीय नियाज खान के रूप में हुई है, वहीं, तीसरे व्यक्ति की पहचान नुआंव थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के निवासी मुमताज अली के रूप में हुई है।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 76 परिवारों को दी घर की चाबी, बोले-

## माफियाओं के कब्जाए जमीन पर घर बनेंगे और वह गरीबों में बटेंगे

- बोली सीएम योगी- पूर्व की सरकार गरीबों के बारे में नहीं सोचती थी, लेकिन अब यह धारणा बदली है
- योगी ने प्रयागराज में 767.76 करोड़ रु के 226 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

**एजेंसी/प्रयागराज**

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने घर को गरीबों को आवंटित करने के दौरान कहा कि उत्तरप्रदेश में माफिया राज खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा, माफियाओं के कब्जाए जमीन पर घर बनेंगे और वह गरीबों में बटेंगे। साल 2017 से पहले सरकार गरीबों के बारे में नहीं सोचती थी लेकिन अब यह धारणा बदली है।

योगी ने कहा, 2017 से पहले इसी प्रदेश में गरीबों, व्यापारियों व सरकारी भूमि पर कोई भी माफिया कब्जा कर लेता था, लेकिन अब माफियाओं के कब्जे से जमीन मुक्त कराकर गरीबों के आशियाने बनाए जा रहे हैं। कुख्यात माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराई गई भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 76 परिवारों को आवास वितरण का पवित्र कार्य प्रयागराज की धरती पर हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, जो लोग पहले आशियाने का सपना देखते थे आज उनका सपना पूरा हो रहा है। लखनऊ में आयोजित 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' की चर्चा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इसमें 36 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। अगर ये माफिया होते तो हमारे पास एक कौड़ी का भी निवेश नहीं आता। इस निवेश से 1 करोड़ लोगों को नौकरी मिलेगी। वहीं लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में उन्होंने जनता से कहा कि यह ऐसा समय है कि हम किसी के बहकावे में न आएं। यह देश नारों से नहीं चलेगा, बल्कि जमीनी हकीकत से चलेगा। जमीनी हकीकत यह है कि प्रधानमंत्री मोदीजी ने (काम) करके दिखाया है।

कार्यक्रम की शुरूआत से पहले मुख्यमंत्री ने आवास का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने वहां वृक्षारोपण किया। इसके अलावा योगी ने प्रयागराज में 767.76 करोड़ रुपए के 226 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने 107.71 करोड़ की 29 परियोजनाओं का लोकार्पण और 660.05 करोड़ की 197 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें सबसे अधिक परियोजनाएं लोक निर्माण विभाग की हैं, जिनकी लागत करीब 606.05 करोड़ है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल थे।



### अतीक अहमद के अवैध कब्जे से वापस ली गई जमीन पर बने घर

प्रयागराज के लूकरगंज में बने 76 फ्लैट की चाबी गरीबों को दी गई। इस परियोजना के निर्माण की शुरूआत भी दो साल पहले योगी आदित्यनाथ ने ही की थी। ये फ्लैट करीब 5 करोड़ की लागत से 1731 वर्गमीटर क्षेत्रफल में गरीबों के लिए तैयार करवाए गए हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि यह जमीन गैंगस्टर अतीक अहमद के अवैध कब्जे से वापस ली गई थी।

### मुस्लिम लाभार्थी महिलाओं ने सीएम का शुक्रिया अदा किया

मुस्लिम लाभार्थी महिलाओं ने सीएम योगी का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि सीएम योगी की बदौलत उन्हें शहर में घर नसीब हुआ है। उन्होंने बताया कि कभी हमने सपने में भी नहीं सोचा था कि शहर में उनका अपना मकान होगा, लेकिन सीएम की बदौलत आज हम अपने निजी घर में जा रहे हैं। कहा कि जो लोग भेदभाव की बात करते हैं, उनको जमीनी हकीकत का कुछ भी मालूम नहीं है।

## नीतीश से मिले जदयू के विधायक-विधान पार्षद बीजेपी बोली- जदयू का आरजेडी में होगा विलय

**एजेंसी/पटना**

सीएम आवास में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को पार्टी के विधायकों और विधान पार्षदों से मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर बिहार की राजनीति गरमा गई है। कई तरह की अटकलें भी लगनी शुरू हो गई हैं। हालांकि जो बातें निकलकर सामने आईं उसके अनुसार सीएम नीतीश विधायकों से विकास कार्यों और लोगों की प्रतिक्रियाओं की जानकारी ले रहे हैं। कहा जा रहा है कि मिशन 2024 के लिए नीतीश ने अपनी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इसी के तहत जदयू विधायकों और पार्षदों को सीएम आवास बुलाया गया था।



वहीं इस पर बीजेपी प्रवक्ता निखिल आनंद ने कहा कि जब से नीतीश कुमार लालू की गोद में बैठकर राजनीति कर रहे हैं तब से जेडीयू के विधायक, विधान पार्षद, सांसद असहज स्थिति में हैं। अपने भविष्य को लेकर डरे हुए हैं। सुनने में आ रहा कि तेजस्वी को नीतीश सीएम बना देंगे और आरजेडी में जेडीयू का विलय कर देंगे। नीतीश कुमार को पता है कि उनकी पार्टी में टूट हो जाएगी।

### फालतू बयानबाजी कर रही बीजेपी: आरजेडी

इस पर आरजेडी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि जेडीयू का विलय बीजेपी में तो नहीं होगा। जेडीयू-आरजेडी समाजवादी अंश व वंश भी है। बीजेपी प्रवक्ता निखिल आनंद के दावे पर उन्होंने कहा कि बीजेपी अनाप शनाप बयानबाजी कर रही है। यहां मणिपुर में जल रहा है और गृहमंत्री बिहार में रैली कर रहे हैं। बीजेपी को देश की चिंता नहीं है।





### हिंसाग्रस्त राज्य मणिपुर के दौरे पर पहुंचे पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने पीड़ितों से की मुलाकात

## हिंसा से कोई हल नहीं निकलेगा, सिर्फ शांति ही समाधान: राहुल

**एजेंसी/इंफाल**

हिंसा ग्रस्त राज्य मणिपुर के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने शुक्रवार को पीड़ितों से मिलने के बाद राज्य के लोगों को संदेश दिया है। राहुल गांधी ने कहा, हिंसा से किसी भी तरह का कोई हल नहीं निकलेगा सिर्फ शांति ही समाधान है। राहुल गांधी ने कहा, मणिपुर को शांति की जरूरत है। मैं राहत शिविरों में गया और हर समुदाय के लोगों से मिला। राहत शिविरों में दवाई, खाने की कमी है, जिस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। मेरी मणिपुर के हर व्यक्ति से अपील है कि शांति बनाए रखें। मैं यहां मौजूद हूं और जो शांति कि लिए कर सकता हूं वह करूंगा। राहुल गांधी ने बिष्णुपुर जिले के मोइरांग शहर में दो राहत शिविरों का दौरा किया। इस दौरे में उन्होंने हिंसा से विस्थापित हुए पीड़ितों से मुलाकात कर प्रभावित लोगों व्यथा सुनी। अपने दौरे के पहले दिन राहुल गांधी ने चुराचांदपुर में राहत शिविरों का दौरा किया था, जो जातीय दंगों से सबसे ज्यादा प्रभावित शहरों में से एक है।



### कांग्रेस ने मणिपुर की सरकार को बर्खास्त करने की मांग की

शुक्रवार को कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर उनसे हिंसा प्रभावित मणिपुर की सरकार को बर्खास्त किए जाने की पार्टी की मांग से राष्ट्रपति को अवगत कराने का अनुरोध किया। बैस को इस आशय का ज्ञापन सौंपने वाले कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी की राज्य इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने किया। ज्ञापन में कहा गया है, मणिपुर के लोगों ने दो महीने से अधिक समय तक बड़ी मानवीय त्रासदी देखी है। जातीय समूहों के बीच जबरदस्त हिंसा में कई लोगों को जान गंवानी पड़ी, उनके घर नष्ट कर दिये गये हैं और उन्हें पलायन करने को मजबूर होना पड़ा। इसमें कहा गया है कि मणिपुर की परंपरा सभी जातीय समूहों और धर्मों को अपनाने की रही है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मुद्दे पर नहीं बोल रहे हैं और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दौरा पूर्वोत्तर राज्य में शांति कायम करने में विफल रहा है। हमारा अनुरोध है कि राष्ट्रपति मणिपुर सरकार को बर्खास्त करें और हिंसा तथा घृणा पर तत्काल रोक लगाने के लिए राष्ट्रपति शासन की घोषणा करें। ज्ञापन में दावा किया गया है कि मणिपुर लगातार जल रहा है और 12,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गये हैं और केंद्र कई अनुरोधों के बावजूद कोई सहायता प्रदान करने में विफल रहा है। गौरतलब है कि मणिपुर में मेइती और कुकी समुदाय के बीच मई की शुरूआत में भड़की जातीय हिंसा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

# तैयारी... सासाराम सदर अस्पताल में शुरू होगी शिशु रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई

- ❒ सदर अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई करने पहुचेंगे एमबीबीएस के छात्र
- ❒ पहले चरण में चार सीटे उपलब्ध 3 वर्षीय स्नातकोत्तर स्तर का पाठ्यक्रम

**केटी न्यूज/सासाराम**

रोहतास जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल अपने बेहतर कार्यों एवं प्रबंधन की वजह से लगातार गुणवत्तापूर्ण परिणाम दे रहा है,



जिसकी वजह से जिले का सदर अस्पताल को कई योजना एवं सुविधाओं से अलंकृत किया जा रहा है। जहां बेहतर कार्यों की वजह से जिला अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में तब्दील किया गया था।

उसके बाद अब जिला अस्पताल में एक नई सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। जिला अस्पताल में अब शिशु रोग विशेषज्ञ की भी पढ़ाई जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। सदर अस्पताल में एमबीबीएस पास चिकित्सक शिशु रोग विशेषज्ञ की डिग्री हासिल करने के लिए पहुंचेंगे। पढ़ाई के साथ इलाज भी करेंगे। सदर अस्पताल में इसकी व्यवस्था हो जाने से चिकित्सा के क्षेत्र में और बेहतर सुधार देखने को मिलेगा और यहां के लोगों को बेहतर इलाज मिलेगा। सदर अस्पताल में डीएनबी पाठ्यक्रम को संचालित करने की हरी झंडी मिलते ही अस्पताल प्रबंधन सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गई है। इससे जुड़े सभी जरूरी कागजी प्रक्रिया को दुरुस्त किया जा रहा है। फिलहाल सदर अस्पताल में डीएनबी पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर कागजी कार्रवाई चल रही है। इधर सदर अस्पताल इसके लिए पूरी तरह से तैयारी में जुट गया है।

## गायनी की पढ़ाई दूसरे चरण में शुरू होगी

जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में डीएनबी की पढ़ाई शुरू करने के लिए दो बार विभागीय निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ एवं गायनी विभाग की पढ़ाई की बात चल रही थी। दूसरे निरीक्षण के दौरान कुछ कमियों को देखते हुए फिलहाल पहले चरण में शिशु रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई शुरू होने की हरी झंडी दी गई। गायनी की पढ़ाई दूसरे चरण में शुरू की जाएगी। कयास लगाया जा रहा है कि अगले सत्र से सदर अस्पताल में डीएनबी की पाठ्यक्रम शुरू हो जाएगी।

## चिकित्सा के क्षेत्र में बढ़ेगा कौशल

डीएनबी यानी डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड, यह चिकित्सा क्षेत्र में स्नातकोत्तर या पोस्ट डॉक्टरोल कार्यक्रमों के समकक्ष 3 वर्षीय स्नातकोत्तर स्तर का पाठ्यक्रम है। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सक के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञ का निर्माण करना है। चिकित्सा के विभिन्न क्षेत्र में विशेषज्ञ डॉक्टर की उपाधि लेने से कौशल निखरेगा। डीएनबी कोर्स में नामांकन लेने के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंकों के साथ किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की डिग्री होना जरूरी है। साथ ही साथ उम्मीदवारों का 1 वर्ष की इंटर्नशिप होना भी जरूरी है। डीएनबी में नामांकन प्रवेश परीक्षाओं के आधार पर किया जाएगा।

## पढ़ाई शुरू करवाने के लिए प्रयास जारी

सिविल सर्जन डॉक्टर के एन तिवारी ने कहा कि सासाराम सदर अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ की पढ़ाई शुरू होना जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि पढ़ाई प्रारम्भ करवाने के लिए विभागीय प्रक्रिया को दुरुस्त किया जा रहा है। उम्मीद है जल्द ही पढ़ाई शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोहतास स्वास्थ समिति लगातार बेहतर करने का प्रयास कर रही है और इसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है।

# गुजरात से 36 लाख रुपए चुराकर भागने वाला भोजपुर से गिरफ्तार

- ❒ करीब 35 लाख रूपए भी पुलिस ने कर लिए बरामद
- ❒ धनगाईं थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव से गुरुवार रात पकड़ा गया आरोपी
- ❒ सूरत के व्यवसायी की दुकान से चुराकर भागा था 36 लाख
- ❒ घर के अंदर गेहूं के ड्राम में छुपा कर रखा था 27 लाख 50 हजार

**केटी न्यूज/आरा**



प्रेस वार्ता करते एसपी प्रमोद कुमार व बरामद रूपया।

गुजरात के एक कपड़ा व्यवसायी की दुकान से 36 लाख रुपए की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रुपए लेकर भागने वाले बिट्टू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर चोरी के 27 लाख 50 हजार रुपए भी बरामद कर लिये गये हैं। रुपए गेहूं के ड्राम में प्लास्टिक में छुपा कर रखे गए थे। गिरफ्तार बिट्टू कुमार धनगाईं थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव निवासी सत्येंद्र नारायण चैधरी का पुत्र है। भोजपुर व गुजरात पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार की रात उसे गिरफ्तार किया गया। आठ रोज पूर्व चोरी के 7 लाख 94 हजार रुपए और मोबाइल बरामद किया गया था। उस मामले में बिट्टू के पिता सत्येंद्र नारायण चैधरी और दोस्त मृत्युंजय कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी।

उन्होंने बताया कि 15 जून की रात बिट्टू कुमार गुजरात के सूरत शहर के एक बड़े कपड़ा व्यवसायी की दुकान से 36 लाख रुपए की चोरी कर भाग गया था। गुजरात पुलिस की ओर से इसकी सूचना दिये जाने के बाद तत्काल उसके घर छापेमारी कर बीस जून को 7 लाख 94 हजार रुपए बरामद कर लिया गया। मौके से उसके पिता को गिरफ्तार किया गया। उसके पिता की निशानदेही पर बिट्टू के दोस्त मृत्युंजय कुमार के घर से कपड़ा व्यवसायी का चोरी गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया था। उसके बाद से ही गुजरात व भोजपुर पुलिस की टीम बिट्टू की गिरफ्तारी एवं शेष पैसे की बरामदगी में जुटी थी। गुरुवार रात गुप्त सूचना के आधार पर बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर गेहूं के ड्राम में छुपा कर रखे गए शेष 27 लाख 50 हजार रुपए भी बरामद कर लिया गया। टीम में धनगाईं थाना इंचार्ज प्रदीप कुमार भास्कर, भोजपुर की डीआईयू और गुजरात पुलिस के अधिकारी शामिल थे। एसपी ने बताया कि भोजपुर व गुजरात पुलिस के समन्वय से इस कांड के सफल उद्भेदन के साथ बड़ी उपलब्धि मिली है। वहीं पैसे की बरामदगी और बिट्टू की गिरफ्तारी पर गुजरात पुलिस के अफसरों द्वारा भी भोजपुर पुलिस के अधिकारियों का आभार जताया गया। गिरफ्तारी के बाद गुजरात पुलिस उसे अपने साथ ले जाने की तैयारी में जुट गई।

## बड़ी रकम देख लालच जगी और कर दिया कांड

धनगाईं थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव का बिट्टू काम की तलाश में गुजरात के सूरत गया था। वहां काम की तलाश में कई दुकानों में घूमा था। उसी दौरान वह कपड़े के बड़े व्यवसायी के पास गया था। वहां बड़ी रकम देख उसे लालच हुआ और चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे डाला। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बिट्टू कुमार से अबतक की पूछताछ में यह बात सामने आयी है। उन्होंने बताया कि बिट्टू कुछ समय पहले ही काम की तलाश में सूरत गया था। उस क्रम में वह उक्त कपड़ा व्यवसायी की दुकान में भी गया था। वहां उसे बड़ी रकम देखी थी। बाद में वह बगल के किसी दुकान में काम करने लगा था। बड़ी रकम देखने के बाद उसे लालच हो गया और चोरी करने की ठान ली। उसे लेकर उसने कपड़ा व्यवसायी की दुकान की रेकी की थी। उसके बाद 15 जून की रात दुकान से 36 लाख रुपए और मोबाइल लेकर भाग निकला।

## बैग में भरा 36 लाख और ट्रेन पकड़ आ गया गांव

कमाने के लिए गुजरात के सूरत गये बिट्टू ने अकेले ही 36 लाख रुपए की चोरी कर ली। उसके बाद सूरत से भाग निकला। एसपी के अनुसार पूछताछ में यह बात सामने आयी है कि चोरी करने के बाद बिट्टू ने सारे पैसे बैग में भरे। उसके बाद ट्रेन पकड़ कर गांव आ गया। सारे पैसे अलग-अलग जगहों पर छुपा दिया था। कुछ पैसे बिछावन और तकिए, जबकि शेष पैसे गेहूं के ड्राम में रख दिया था। गुजरात पुलिस की सूचना पर पुलिस जब उसके घर पहुंची, तो 20 जून को बिछावन और तकिए से 7 लाख 94 हजार रुपए बरामद किये गये। वहीं गुरुवार को गेहूं के ड्राम से पचास के नोटों की गड्डियां निकलने लगी। एसपी के अनुसार पूछताछ में बिट्टू ने बताया कि उसने 36 लाख रुपए की चोरी की थी। उसमें से कुछ पैसे उसने खर्च कर दिया था। शेष करीब 35 लाख रुपए बरामद कर लिये गये।

एसपी ने बताया कि अबतक की पूछताछ में बिट्टू कुमार द्वारा अकेले ही चोरी की घटना को अंजाम दिये जाने की बात स्वीकार की गयी है। आगे की जांच गुजरात पुलिस कर रही है।

# भोजपुर में विषैले सांप के डंसने से अधेड़ की मौत, मचा हाहाकार

- ❒ तरारी थाना क्षेत्र के कुसम्ही गांव में शुक्रवार की दोपहर घटी घटना

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के कुसम्ही गांव में शुक्रवार की दोपहर विषैले सांप के डंसने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि झाड़-फूंक के चक्कर में ही अधेड़ की जान चली गई।



जानकारी के अनुसार मृतक तरारी थाना क्षेत्र के कुसम्ही गांव वार्ड नंबर 3 निवासी रामनाथ राम का 50 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र कुमार राम था। मृतक के भतीजे बृजेश कुमार राम ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर वह गांव के दक्षिण स्थित अपने खेत में धान का बीज छीटने गए थे। उसी दौरान विषैले सांप ने उन्हें डस लिया। वे बेहोश होकर खेत में गिर पड़े। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें आनन-फानन में झाड़-फूंक कराने के लिए बक्सर जिला के सरैया बाजार स्थित कंजिया ठाकुर बाबा के पास ले गए। घंटों झाड़-फूंक कराने के बाद भी जब हालत में कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन उन्हें आरा सदर अस्पताल ले आए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया। बता दें कि इस झाड़-फूंक के चक्कर में ही कई लोगों ने अपनी जान गंवा दी। बावजूद लोग लोग इससे बाज नहीं आ रहे हैं। मृतक के परिवार में पत्नी माधुरी देवी, तीन पुत्र राजेंद्र, रविंद्र, जायसवाल व दो पुत्री निशा एवं मनीषा है। घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया। पत्नी माधुरी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## खबरें फटाफट

### डीएम ने लगाया जनता दरबार, आए 48 फरियादी

**केटी न्यूज/ जाहानाबाद**

डीएम रिची पाण्डेय द्वारा जनता दरबार का आयोजनकिया गया। जिसमें जिले के आमजनों के परिवादों को सुना गया व संबंधित पदाधिकारियों को उक्त परिवादों के निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश दिया गया। जनता दरबार मे 48 परिवाद प्राप्त हुए जिनमें भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, भू अर्जन, नल-जल योजना सहित अन्य कार्यालयोंव योजनाओं से संबंधित थे। परिवादियों की समस्याओं को सुना गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में आए सभी मामलों को विशेष रुप से ध्यान देते हुए ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्राप्त परिवाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया एवं कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को दूरभाष पर सूचित करते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वैसे मामले जो लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आते हैं उन्हें सुनवाई हेतु पंजीकृत किया गया और ऐसे मामले जो इसके अंतर्गत नहीं है उन पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन करने एवं प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया।

### बाइक पर गिरा पेड़, बाल-बाल बचे लोग

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर में शुक्रवार को बड़ी दुर्घटना होते-होते रह गई। मंदिर की तरफ जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे स्थित नीम का पेड़ अचानक गिर पड़ा। उसके पास ही एक व्यक्ति ने अपनी बाइक खड़ी कर रखी थी। जो उसकी जद में आ गई। जिसका कचूमर निकल गया। हालांकि इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। जिस समय यह वाकया हुआ। जिले के बड़े अधिकारी ब्रह्मपुर में मौजूद थे। इस वजह से पेड़ को मुख्य मार्ग से जल्द ही हटाने का काम भी शुरू हो गया। साथ में उच्च न्यायालय के जज थे। इस वजह से किसी ने बाल-बाल बचे फला अधिकारी, जैसी खबरें मीडिया में नहीं पसारीं। आजकल के दौर की एक कहावत है। धीरे से लगा जोर का झटका। यह खबर भी कुछ वैसी है। साथ ही यह सीख भी देती है। बारिश के मौसम में पेड़ के नीचे खड़ा होना खतरनाक भी हो सकता है।

### भाजपा नेता हत्याकांड में फरार चल रहे उमाशंकर पर 50 हजार का इनाम

**केटी न्यूज/आरा।** भोजपुर के करनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी कमल किशोर मिश्रा हत्या कांड में फरार उमाशंकर मिश्र पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उसे लेकर उमाशंकर मिश्रा के खिलाफ 50 हजार का इनाम घोषित किया गया है। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार की अनुशंसा पर पुलिस मुख्यालय की ओर से शुक्रवार को इनाम की राशि घोषित कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी प्रेस बयान में कहा गया है कि इस फरार अपराध कर्मी की सूचना देने और गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले को शख्स को 50 हजार का इनाम दिया जाएगा।

## एक नजर

### कटार बालू घाट पर नदी के बीच फंसे 30 ट्रक

**केटी न्यूज/ सासाराम।** जिले में पिछले 24 घंटे से हो रही मुसलाधार बारिश से नदियों के जलस्तर बढ़ गया है। जिसके कारण दोपहर शुक्रवार को सिंचाई विभाग की ओर से सोन बाराज का गेट खोल दिया गया। जिसके कारण डेहरी के पास इंद्रपुरी स्थित कटार बालू घाट पर नदी में बालू उठाव के लिए गए 30 ट्रक बीच धार में फंस गए। अचानक चारों ओर पानी बढ़ता देख, ट्रकों के चालक और खलासी ट्रक छोड़ बाहर आ गए। मामला अचानक नदी में जलस्तर बढ़ने से तीन ट्रक और घाट संचालक की कार पानी में डूब गए। पोकलेन मशीन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। गुरुवार की रात नौहट्टा-रोहतास के पहाड़ी इलाकों में भारी बारिश हुई। जिसके कारण नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। जलस्तर बढ़ने से नदी के अंदर बालू लाने गए ट्रक फंस गए। इसमें कई ट्रकों के चक्के भी धंस गए। सीओ अनामिका कुमारी ने बताया कि बराज का गेट बंद कर दिया गया है। पानी कम होते ही फंसे ट्रकों को निकालने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार की सुबह तक सभी ट्रकों को बाहर निकाल लिया जाएगा।

### करंट से झुलसे अज्ञात युवक की मौत



**केटी न्यूज/आरा।** आरा में करंट से झुलसे अज्ञात 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के बर्न वार्ड में शुक्रवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। सदर अस्पताल पहुंची रेल पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया। बता दें कि बीते रविवार की शाम अज्ञात युवक प्लेटफार्म नंबर चार स्थित ओवर ब्रिज के ऊपर चढ़ गया था। तब वह हाईटेंशन विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया था। इसके बाद आरपीएफ द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया था। बर्न वार्ड में भर्ती कर उसका इलाज किया जा रहा था। इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

### पीपीएम स्कूल के दो छात्रों ने नीट और जेईई एडवांस की परीक्षा में मारी बाजी



**केटी न्यूज/जहानाबाद।** पी पी एम स्कूल जहानाबाद के दो छात्रों ने नीट तथा जेईई की परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। जिले के मखदुमपुर थाना के ग्राम चमड़ी निवासी नीरज कुमार के पुत्र आर्यन ने जेईई की परीक्षा में सफलता हासिल की है। वहीं परसबिगहा थाना क्षेत्र के ग्राम गोनवां निवासी शैलेन्द्र कुमार के पुत्र शुभम कुमार ने नीट की परीक्षा में जगह बनाई है। दोनों छात्र पी पी एम स्कूल के छात्र रहे हैं। स्कूल के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अध्यक्ष डॉक्टर एस के सुनील एवं डॉक्टर इंदु कश्यप ने दोनों छात्रों को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाई। उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वहीं स्कूल के शिक्षक तथा छात्रों में काफी खुशी देखी गई। सभी ने दोनों छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर जेईई में सफल छात्र आर्यन ने शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की तथा बच्चों को सोशल मीडिया से दूरी बनाने की सलाह दी।

तरारी की सीओ के खिलाफ जाप ने खोला मोर्चा

### जमकर हुई नारेबाजी, जलाया गया सीओ का पुतला



**केटी न्यूज/आरा।** जन अधिकार पार्टी की जिला इकाई ने तरारी प्रखंड में हो रहे दाखिल खारिज, परिमार्जन में धांधली और घूसखोरी के खिलाफ आंदोलन छेड़ दिया है। तरारी की अंचलाधिकारी निभा कुमारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया गया। पुतला दहन से पूर्व कृष्णा मार्केट से लेकर बाजार चैक तक आक्रोश मार्च निकाला गया। उसके बाद एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाप के छात्र प्रदेश उपाध्यक्ष रितेश कुमार तथा संचालन नंदजी यादव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए रितेश कुमार ने कहा कि तरारी अंचल कार्यालय में घोर धांधली है। बगैर रिश्वत लिए कोई भी कार्य सही ढंग से नहीं होता है। दाखिल खारिज, परिमार्जन में दलालों के माध्यम से आवेदकों से चढ़ावा लिया जाता है। चढ़ावा नहीं दिए जाने पर कोई ऑब्जेक्शन लगा कर आवेदन को रिजेक्ट कर दिया जाता है। जब कोई समाजिक कार्यकर्ता सीओ से घूसखोरी की शिकायत करता है तो उनके द्वारा झूठे केस में फंसाने की धमकी तक दी जाती है। ऐसे में तरारी प्रखंड के लोगों में काफी आक्रोश है।

### सीएम के राज्यपाल से मिलने को बताया औपचारिकता

**केटी न्यूज/जहानाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी के कयास को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि एनडीए में वापसी उनकी संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सिर्फ और सिर्फ बाजार में उनका भाव बना रहे, इसलिए वह इस तरह का शिगूफा छोड़ते रहते हैं। गठबंधन में अपना धौंस दिखाने के लिए वे इस तरह का काम करते हैं। राज्यपाल से नीतीश कुमार के मिलने को भी संयोग बताया और कहा कि राज्यपाल से मुख्यमंत्री मिलते रहे हैं। जदयू विधायकों के साथ मुख्यमंत्री की बैठक पर भी आरसीपी सिंह ने तंज कसा और कहा कि मुख्यमंत्री से विधायक तो दूर, मंत्री भी नहीं मिल पाते हैं। नीतीश कुमार अपनी सुविधा के अनुसार काम करते हैं। इनसे पार्टी का कोई आदमी खुश नहीं है।

श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर जहानाबाद के डीएम-एसपी ने की बैठक

# मेला परिसर में गंदगी फैलाने व थर्माकॉल इस्तेमाल करने वालों पर लगेगा जुर्माना : डीएम

- ❒ सीसीटीवी से रखी जाएगी उपद्रवियों पर नजर चप्पे-चप्पे तैनात रहेगी पुलिस
- ❒ कांवरियों के लिए जगह-जगह शौचालय व सड़क मार्ग दुरूस्त करने का डीएम ने दिए निर्देश

**केटी न्यूज/जाहानाबाद**

डीएम रिची पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन के संयुक्त अध्यक्षता में बराबर श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक में डीएम ने जिन बिन्दुओं की समीक्षा की, उनमें सड़क की स्थिति, रौशनी की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, झाड़ियों की



बैठक करते डीएम व एसपी

कटाई, सुरक्षा व्यवस्था हेतु सीसीटीवी कैमरा का संस्थापन का निर्देश दिए। वहीं दर्शनार्थियों के सहायता हेतु वॉलेन्टियर की प्रतिनियुक्ति, शौचालय की व्यवस्था, बिजली की आपूर्ति, नियंत्रण कक्ष सह सूचना केंद्र की स्थापना होगा। वाहनों की पारकिंग, हेल्थ कैम्प की व्यवस्था, मेला स्थल एवं मंदिर की सफाई, सौन्दर्यीकरण, अग्निशमन व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य शामिल है। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बराबर श्रावणी मेला में श्रद्धालु काफी संख्या में पहुंचते है। इस कारण विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को सशक्त बनाना आवश्यक है। बराबर श्रावणी मेला में कॉवरियों तथा श्रद्धालुओं की अपार भीड़ को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने का निदेश दिया। श्रद्धालुओं को मेले में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का निदेश दिया गया। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य के देख-भाल हेतु सिविल सर्जन को चिकित्सक, एम्बुलेस एवं स्वास्थ्य कर्मी की रोस्टर वाईज ड्यूटी की व्यवस्था करने का निदेश दिया। मेला परिसर एवं मंदिर में रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था हेतु कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निदेश दिया गया। पेयजल तथा शौचालयों हेतु कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा नियंत्रण कक्ष एवं माईकिंग सिस्टम पर बल देते हुए निदेश दिया गया कि नियंत्रण कक्ष से खोये हुए लोगों अथवा बच्चों की सूचना का प्रसारण, भीड़ प्रबंधन हेतु समुचित कार्रवाई तथा सीसीटीवी से मेला परिसर, मंदिर एवं सीढ़ी पर स्थिति के पर्यवेक्षण को गहन तरीके से करने का निदेश दिया गया। बैठक में रेलिंग, संपर्क पथ यथा हथिया मोड़ पातालगंगा, 52 सीढी की मरम्मती आरसीडी एवं आरडब्ल्यूडी को दिया गया। बैठक में मेला परिसर में कचरा फैलाने, खुले में शौच, थूकना, सिंगल प्लास्टिक व थर्मोकोल उपयोग इत्यादि पर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा जुमार्ना लगाने का निदेश दिया गया। जिला योजना पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि कचरा प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए दुकानदारों द्वारा डस्टबिन रखना सुनिश्चित करायेंगे ऐसा नहीं करने वालों से नियमानुसार जुमार्ना वसूल करेंगे। श्रद्धालुओं के सहयोग हेतु स्काउट एण्ड गाईड, नेहरू युवा केंद्र आदि के कार्यकर्ता को वॉलेंटियर के रूप में प्रतिनियुक्त करने की कार्रवाई करने तथा दिव्यांगजनों के लिए आवश्यक व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।

## खबरें फटाफट

### बलिहार में मारपीट की घटना में जेल गए कैदी की मौत

**बक्सर।** गुरूवार की रात बक्सर सेंट्रल जेल में एक कैदी की मौत हो गई। आरोपी मारपीट के घटना के नामजद था। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा था। हालांकि जिस वक्त पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था उस वक्त वह खुद भी जख्मी था। जानकारी के अनुसार उसने जेल प्रशासन से तबीयत खराब होने की शिकायत की। जिसके बाद जेल प्रशासन ने कैदी को बक्सर सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा। जहां डॉक्टर ने कैदी को मृत घोषित कर दिया। उसके मौत की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक कैदी की पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के बलिहार गांव के हीरालाल पासवान के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि चार दिन पूर्व भूमि विवाद में मारपीट हुआ था। जिसमें वे भी जख्मी हुए थे। जिसमें एक पक्ष ने पुलिस से मिलकर जबरन घायल अवस्था में उन्हें जेल भिजवा दिया था। चार दिन पहले जेल आए कैदी की मौत के बाद जेल प्रशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र के कड़वी मोहल्ले में शराब के साथ बाइक सवार दो धंधेबाजों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी हैं। इन धंधेबाजों के पास से पुलिस की टीम ने बीस पीस अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस शराब और बाइक को जब्त कर धंधेबाजों से कड़ी पूछताछ कर रही हैं। पकड़े गये धंधेबाज अपकारी गली का रहने वाला धनु कुमार यादव और रजई मिश्र की गली मोहल्ला निवासी प्रकाश गुप्ता बताया जाता हैं। थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दोनों धंधेबाज बाइक पर शराब की खेप लेकर कड़वी मोहल्ले में ठिकाने लगाने के लिए पहुंचे हैं। इसके बाद पुलिस की एक टीम गठित कर उस मोहल्ले में भेजा गया, जहां पुलिस ने घेराबंदी कर धंधेबाजों को दबोच लिया।

# झमाझम बारिश से जलमग्न हुए शहर के कई इलाके, घंटों गुल रही बिजली

- बारिश के कारण हाई स्कूल का खेल मैदान झील में तब्दील
- गुरूवार की मध्य रात्रि से ही शहर के कई इलाकों की गुल रही बिजली

**केटी न्यूज/डुमरांव**



यह कोई तालाब नहीं, बल्कि राज हाई स्कूल का खेल मैदान है जनाब।



कड़वी रोड में सड़क पर भरा पानी।

अनुमंडल क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से रुक-रूक कर बारिश हो रही है। मॉनसून की इस पहली बरसात में ही डुमरांव के कई इलाके जलमग्न हो गए। जबकि गुरूवार की मध्य रात्रि से ही कई इलाकों की बिजली गुल हो गई। बिजली गायब होने से लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशान होना पड़ा है। बिजली के अभाव में शुक्रवार को सुबह लोगों की दिनचर्या भी गड़बड़ा गई थी। कंपनी सूत्रों की मानें तो बारिश के कारण लोकल फाल्टों की संख्या अधिक होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि शहरी क्षेत्र में दोपहर तक आपूर्ति बहाल कर ली गई थी। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे से बिजली गायब है। जिस कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। मॉनसून की इस पहली बरसात ने नगर परिषद के वायदों को भी बहा दिया हं। जानकारी क अनुसार बारिश होने से मुख्य पथ पर राज हाई स्कूल के पास से लालगंज कड़वी तक जलजमाव हो गया था। वही बारिश के पान में राज हाई स्कूल का खेल मैदान झील में तब्दील हो गया है। जबकि बड़ा बाग पथ, लालगंज कड़वी का मुख्य पथ, सुमित्रा कॉलेज पथ, टेक्सटाईल कॉलोनी सहित शहर के कई पानी से घिर गए है। बता दें कि इस बार डुमरांव नगर परिषद ने बरसात पूर्व नालों की सफाई कर शहर को जलजमाव से मुक्ति दिलाने का दावा किया था। लेकिन पहली बरसात में ही उसके दावे खोखले साबित हो गए। जबकि अभी पूरी बरसात बाकी है।

### बारिश के कारण केसठ व आसपास में बाधित रही बिजली

**केसठ।** केसठ एवं आसपास के इलाके में गुरुवार कि रात्रि में आए तेज हवा व बारिश की वजह से कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही। कंपनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तेज हवा व बारिश के कारण फाल्ट की समस्या उत्पन्न हो जाने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई, जिसे सुबह में बहाल की गई। हालांकि बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली, लेकिन लोगों का विद्युत आपूर्ति बाधित रहने की वजह से अंधेरे में रात बितानी पड़ी। हाल के दिनों में भीषण गर्मी में भी विद्युत आपूर्ति रह-रहकर बाधित हो जाती है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शुक्रवार को दिन में भी बिजली के कई बार आने जाने का सिलसिला जारी रहा। कई बार तो घंटे भर से अधिक समय तक लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित रहा, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## डुमरांव थाना क्षेत्र के अनुसूचित जाति बस्ती की घटना, मची रही अफरा-तफरी

# सुरौंधा में बिजली गिरने से एक किशोर की मौत, पांच जख्मी, दो की हालत नाजुक





**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थाना क्षेत्र के सुरौंधा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई हैं जबकि चपेट में आकर पांच जख्मी हो गए हैं। जख्मियों में दो की हालत नाजूक बनी हुई हैं। जिन्हें अनुमंडलीय अस्पताल से प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 2.45 बजे सुरौंधा अनुसूचित जाति बस्ती की है। बिजली गिरने के बाद से गांव में अफरातफरी का माहौल हो गया था। तत्काल जख्मियों को इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेने के साथ ही राहत व बचाव कार्य में जुट गई।

मृतक राजीव राम उम्र 16 वर्ष चैन राम का पुत्र हैं। वही जख्मियों में शिवधारी राम का पुत्र नीतीश कुमार, सुरेश राम का पुत्र मनीष कुमार, श्याम सुंदर राम का पुत्र सन्नी कुमार, बेचू राम का पुत्र अनुज कुमार व राजकुमार राम का पुत्र जिराखन शामिल हैं। इनमें अनुज व जिराखन की हालत गंभीर बनी हुई हैं। जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद अनुमंडलीय अस्पताल से रेफ कर दिया गया हैं। बता दें कि शुक्रवार को पूरे दिन बारिश हुई। दोपहर करीब ढ़ाई बजे आकाश काले बादलों से घिर गया था तथा मूसलाधार बारिश शुरू हो गई थी। इसी दौरान सुरौंधा अनुसूचित बस्ती वाले बारिश से बचने के लिए अपने घरों में छिपे थे। करीब पौने तीन बजे अचानक बस्ती के एक झोपड़ी पर बिजली गिरी। जिससे यह हादसा हुआ। बिजली गिरने के बाद झोपड़ी में आग लग गई थी। वहीं बिजली गिरने की आवाज तथा पीड़ितों की चीख पुकार सुन मौके पर इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना के बाद देर तक बस्ती में अफरा-तफरी मची रही। लोग डरे सहमे थे। हालांकि ग्रामीणों के आने के बाद उनका भय कुछ कम हुआ तथा घरों से बाहर निकल पीड़ितों के मदद में जुट गए।

### वर्षों से गायब हैं पिता, दिव्यांग मां कर रही थी पालन पोषण

मृतक राजीव के पिता वर्षों से घर छोड़ गायब हैं। जबकि मां अतवरिया देवी भी दिव्यांग हैं। वह तीन भाईयों में सबसे छोटा था। उसकी मां ही किसी तरह मजदूरी कर अपने बच्चों का भरण पोषण कर रही थी। इस घटना के बाद न सिर्फ पूरा परिवार टूट गया हैं बल्कि उनकी झोपड़ी ध्वस्त होने से बरसात के इस मौसम में खुले आसमान का ही सहारा बचा है। डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोर की मौत हुई है, जबकि पांच जख्मी हुए हैं।

## एक नजर

### चंदा पंचायत के मुखिया ने नाली निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का लगाया आरोप



**चक्की।** चंदा पंचायत के मुखिया ने अपने पंचायत के वार्ड 13 में नाली निर्माण में घटिया सामग्र के उपयोग का आरोप वार्ड सदस्य पर लगाया हैं। मुखिया अजय गिरी ने कहा कि चंदा पंचायत के वार्ड नंबर 13 में जो नाली का निर्माण हुआ है, वह घटिया निर्माण किया गया हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्माण तीन साल पहले किया गया था, लेकिन इस निर्माण में जमकर धांधली किया गया है। उन्होंने बताया कि वार्ड 13 के वार्ड सदस्य मोहन गिरी द्वारा जिस नाली का निर्माण कराया गया है उसमें दोयम दर्जे के ईंट तथा अन्य सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने डीएम अंशुल अग्रवाल से इसकी जांच कराने की मांग की है और बताया है कि जांच में नाली निर्माण कराने वाले वार्ड सदस्य की कलई खुल जाएगी।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक पशु की मौत

**केसठ।** गुरुवार रात्रि से बारिश हो रही है। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। परंतु गुरुवार की रात्रि में आकाश में चमक व गरज के साथ हुई बारिश ने कहीं नुकसान भी पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार रात में बारिश के दौरान रामपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से उमेश कुमार राम उर्फ चनूल राम दरवाजे पर बंधी मवेशी की मौत हो गई हैं। जानकारी के अनुसार उनके दरवाजे पर एक कदम का पेड़ है। जिसके नीचे भैंस व अन्य मवेशी बांधी गई थी। पेड़ पर अचानक तेज गड़गड़ाहट व चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर पड़ी। जिससे पेड़ क्षतिग्रस्त हो गया। साथ हि पेड़ के नीचे बांधी गई भैंस की मौत हो गई। हालांकि गांव में एक बारात भी आई थी। जिसका सामियाना घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर था। लेकिन किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची है। हालांकि सामियाना में चल रहा जेनरेटर क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना के बाद पशुपालक काफी मायूस हैं।

### करंट लगने से शिक्षक की मौत, पसरा मातम

**डुमरांव।** बक्सर के धोबीघाट मुहल्ले में रहने वाले तथा कन्या मध्य विद्यालय राजपुर के शिक्षक 35 वर्षीय निशांत कुमार की मौत करंट लगने से हो गई है। उनका निधन शुक्रवार को सुबह घर की बिजली दुरूस्त कराने के दौरान हो गई। वे धोबीघाट के गली नंबर तीन में अपने परिवार के साथ रहते थे। परिजन जबतक माजरे को समझते तथा उन्हें इलाज के लिए ले जाते तबतक काफी देर हो चुकी थी। उनकी मौत होते ही परिजनों में चिख पुकार मच गई। वहीं शिक्षक समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। उनकी दुखद मृत्यु पर शिक्षक नेता शिवजी दूबे, धनंजय मिश्र, शालीग्राम दूबे, उपेन्द्र पाठक, पूणार्नंद मिश्र, नवनीत कुमार श्रीवास्तव, कमलेश पाठक समेत सैकड़ो शिक्षकों ने शोक जताया है।

### पंच हत्याकांड के दो अभियुक्त गिरफ्तार, जेल

**बक्सर।** धनसोईं पुलिस ने पंच हत्याकांड के दो फरार आरोपियों को पकड़कर जेल भेज दिया। इस मामले में नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इनमें से चार पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। बीते 4 जून को धनसोईं थाने के चपटही में पंच की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में नौ लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने इन्हीं में से फरार चल रहे बिगन राम और मुकेश राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### आज उत्सवी माहौल में समर कैंप का होगा समापन, बच्चों के बीच होगी प्रतियोगिता

बक्सर। जिले में चल रहे समर कैंप का समापन एक जुलाई को होगा। इसको लेकर शनिवार को जिले के विभिन्न केंद्रो पर गतिविधि आयोजित की जाएगी। समर कैंप के तहत जिले के कक्षा 6 एवं 7 के छात्र-छात्राओं में भाषा एवं गणित के बुनियादी कौशल का संवर्धन करने को लेकर संचालित समर कैंप 2023 का समापन समारोह को लेकर निर्देश डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान चंदन कुमार द्विवेदी द्वारा जारी किया गया है। जिसमें गर्मी छुट्टी के दौरान 30 जून तक विभिन्न केंद्रो पर कक्षाओं का संचालन किया गया। संचालित समर कैंप को लेकर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि विभिन्न समाजसेवी संगठनों व स्वयंसेवी संगठनों यथा जन शिक्षा, बिहार कौशल विकास मिशन, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं जीविका आदि के स्वयंसेवकों द्वारा प्रथम संस्था के टूल्स के माध्यम से बच्चों का संवर्धन किया गया है। समापन के पूर्व समर कैंप के पोर्टल पर स्वयंसेवक का प्रोफाइल, बच्चों का बेसलाइन और एंड लाइन की स्वयं सेवक द्वारा प्रविष्टि कराने, कैंप में लाभान्वित बच्चों की सूची तथा संबंधित प्रतिवेदन प्रधान शिक्षकों को उपलब्ध कराने, प्रधान शिक्षक बच्चों की प्रगति को शिक्षकों के साथ साझा करेंगे और पीयर लर्निंग कराने का निर्देश दिया गया है। समर कैंप का समापन 1 जुलाई को उत्साह के माहौल में सभी केंद्रों पर कराया जाएगा। बच्चों के बीच प्रतियोगिता कराने का निर्देश दिया गया है। जिसकी फोटोग्राफ विद्यालय शिक्षा समिति के ग्रुप में भेजने को निर्देशित किया गया है।

## डुमरांव ईओ का हुआ तबादला अनिरूद्ध कुमार बने नये ईओ

- मनोज कुमार को बिक्रमगंज नगर परिषद का बनाया गया कार्यपालक पदाधिकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद के ईओ मनोज कुमार का तबादला हो गया हैं। उनकी जगह सारण जिले के एकमा बाजार नप के ईओ अनिरूद्ध कुमार को डुमरांव नप का नया ईओ बनाया गया है। जबकि मनोज कुमार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज नप का ईओ बनाया गया है। शुक्रवार को नगर विकास एवं आवास विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। जानकारी के अनुसार बिहार के कई नगर परिषदों तथा नगर निगमों के ईओ का ट्रांसफर किया गया है। बता दें कि हाल ही में डुमरांव नगर परिषद का चुनाव संपन्न हुआ है। चुनाव बीतते ही ईओ के तबादलें से पूरे दिन शहर में चर्चा होते रही। बता दें कि डुमरांव नप का ईओ बनते ही मनोज कुमार ने मुख्य पथ के किनारे बैरेकेटिंग करवाई थी। हालांकि वे फुटपाथियों की समस्या, शहर को जाम से मुक्ति दिलाने तथा जलजमाव की समस्या जैसे गंभीर मुद्दों पर कोई ठोस पहल नहीं कर सकें। वही उनके कार्यकाल के दौरान भी नप कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं।

## अपराधियों का तांडव... देवढ़िया में चौकीदार के घर में घुस की अंधाधुंध फायरिंग, बेटे की मौत, पोता गंभीर रूप से घायल

- गांव में एसबीआई के सीएसपी का संचालन करता था मृतक
- जेल से छूटे शराब तस्कर व उसके गुर्गों पर लग रहा आरोप

**केटी न्यूज/राजपुर**



हथियारों से लैश आधा दर्जन अपराधियों ने गुरुवार की रात देवढ़िया गांव के चौकीदार बिरजा पासवान के घर में घुस अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिसमें उनके पुत्र व सीएसपी संचालक टुनटुन पासवान की मौत हो गई। जबकि टुनटुन का बेटा व चौकीदार का पोता संजीव जख्मी हो गया। इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है। आरोप हाल ही में जेल से छूटे एक शराब तस्कर तथा उसके गुर्गों पर लग रहा है। सूत्रों की मानें तो स्थानीय पुलिस आरोपी तस्कर के परिजन को हिरासत में ले पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात करीब 10.30 बजे चौकीदार बिरजा पासवान का परिवार खाना खाकर सो रहा था। इसी दौरान कुछ लोग आए तथा दरवाजा खुलवाने लगे। उनकी पत्नी ने जैसे ही दरवाजा खोला आधा दर्जन अपराधी घर में प्रवेश कर गए। इसी दौरान अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से संजीव लहूलुहान हो वहीं पर गिर गया। जबकि उसके पुत्र को भी एक गोली लग गई। वही चौकीदार नीचे गिर गए, जिससे उनकी जान बच गई। गोलियों की तड़तड़ाहट सुन जबतक ग्रामीण पहुंचते तबतक अपराधी भाग खड़े हुए।

बक्सर सदर एसडीपीओ गोरख राम ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया इस मामले में जेल से छूटे एक शराब तस्कर का नाम आ रहा हैं। उसके परिजन को हिरासत में ले पूछताछ की जा रही हैं। वही इस घटना के बाद जिलेभर के चौकीदारों में रोष व्याप्त हैं।

## बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक ने की पूजा अर्चना, डीएम और एसपी रहे मौजूद

# बाबा भोले नाथ के दरबार में माथा टेकने पहुंचे रांची हाईकोर्ट के जज

**केटी न्यूज/डुमरांव**





शुक्रवार को रांची ( झारखंड ) उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ एस एन पाठक ब्रह्मपुर के सुप्रसिद्ध बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। उनके साथ बक्सर के डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार, डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज, डीडीसी महेन्द्र पाल भी मौजूद रहें। जहां मंदिर के पुजारी आचार्य उमलेश पांडेय और अक्षयगोपाल पांडेय ने बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर में भोले नाथ की पूजा अर्चना कराई गई। इसके बाद बिहार सरकार द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए चलाई जा रही योजना का जायजा न्यायमूर्ति डा. एसएन पाठक ने लिए और संतुष्टि जताई। वहीं श्रावण मेले के लिए डीएम-एसपी को कई दिशा निर्देश भी दियें। श्रावण में ब्रह्मपुर में जाम की समस्या से निजात, कांवरियों को मंदिर तक पहुंचने में कोई दिक्कत न हो इसके लिए डीएम-एसपी को जज एसएन पाठक ने कई निर्देश दिए।

**बक्सर के रहने वाले हैं न्यायमूर्ति डॉ. शिवानंद पाठक:** झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डॉ. शिवानंद पाठक बिहार में बक्सर जिले के भरखर गांव के निवासी हैं। वे झारखंड के उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की कुर्सी पर विराजमान हुए। जज पाठक की प्रारंभिक शिक्षा भरखर गांव के स्कूल में हुई। उसके बाद पटना के संत माइकल स्कूल से हायर सेकेंडरी करने के बाद बीएन कॉलेज पटना से इन्होंने एलएल बी और डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उसके बाद पटना उच्च न्यायालय में वकालत करने लगे। बिहार झारखंड बंटवारे के बाद रांची चले गए और वहां 16 वर्ष तक वकालत करने के बाद इन्हें जज के रुप में चुना गया। वकालत के दौरान इन्होंने कई बड़े केस में जीत हासिल की हैं। न्यायाधीश बनने के बाद भी इनका गांव से जुड़ाव कम नहीं हुआ। इनके बड़े भाई शमशेर पाठक एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं।

## खबरें फटाफट

### आज गंगा में छोड़ी जाएंगी दो लाख मछलियां

**बलिया।** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने शुक्रवार को बताया कि आगामी एक जुलाई दिन शनिवार को कोटवा नारायणपुर के रामघाट पर गंगा नदी में दो लाख मछलियां छोड़ी जाएंगी। सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत मछलियों के संरक्षण संवर्धन के लिए इस तरह का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। बताया कि कार्यक्रम में मत्स्य विकास अधिकारी, कृषि अधिकारी, बीडीओ सोहांव की उपस्थिति अनिवार्य है।

### रतनपुरा-भीमपुरा मार्ग नाले में तब्दील

**मऊ।** रतनपुरा कस्बा के शहीद चौक से भीमपुरा को जाने वाला मार्ग पूरी तरह से जर्जर और गड्ढे के रूप में तब्दील हो गया है ,और इधर 2 दिनों से लगातार बारिश होने की वजह से यह मार्ग नाले के रूप में दिखाई पड़ रहा है ।जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । यह सड़क निमार्णाधीन है। परंतु निर्माण इकाई के कार्य कराए जाने का कुछ भी अता पता नहीं चल पा रहा है। जिससे आवागमन पूरी तरह से प्रभावित है ।लोगों ने अविलंब सड़क निर्माण कराये जाने मांग किया है ।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**गाजीपुर।** गहमर थाना क्षेत्र में तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से खेत से आ रहे एक किसान की मौत हो गई। वहीं चार बकरियां भी मर गईं। सेवराई तहसील क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बाद तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी, जिससे सेवराई गांव में बकरी चरा रहे किसान की चार बकरियां मर गईं। वहीं मेड़बन्दी करके लौट रहे किसान नरसिंह राम उर्फ मुन्ना (50) गम्भीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा ले गए, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### थाने पर हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** मुख्तार अंसारी के शूटर रहे अमित राय की कुछ दिन पूर्व हुई गिरफ्तारी के बाद देर रात अमित राय के ग्राम प्रधान पिता की अगुवाई में 150 से 200 लोगों ने थाने पर हमला बोल दिया था। पूरा गैंग अमित राय को छोड़ने की मांग कर रहा था। भीड़ के हमले में पुलिसकर्मी चोटिल हो गए थे। इस मामले में शातिर अपराधी अमित राय के ग्राम प्रधान पिता समेत अब तक 12 लोगों की गिरफ्तार कर चुकी है। करीमुद्दीनपुर थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 23 जून की रात में करीमुद्दीनपुर थाने पर हमला करने के मामले में शुक्रवार को जोगा मुसाहिब गांव निवासी अर्जुन यादव पुत्र जनार्दन यादव तथा सनोज पुत्र राम जी राम को गिरफ्तार किया गया है।

# गड़बड़झाला: नपा के मेगा प्रोजेक्ट में 130 की जगह हैडपंपों की बोरिंग महज 65 फीट

- ईओ की जांच में हुए खुलासे के बाद विभाग सकते में, अब खुद लीपापोती में जुटे
- 20 करोड़ की लागत से नगर के 25 वार्डों में गाड़े गए हैं कुल 365 हैंडपंप



**केटी न्यूज/बलिया**

नगर पालिका बलिया के मेगा प्रोजेक्टों में शामिल 20 करोड़ रुपये की इंडिया मार्का हैंडपंप योजना में जनता की गाढ़ी कमाई का जमकर बंदरबांट किया गया है। एक आरटीआई के परिप्रेक्ष्य में तत्कालीन ईओ ने जब जांच की तो पता चला कि हैंडपंप की बोरिंग सिर्फ 65 फीट है, जबकि मानक 130 फीट का है। इसके बाद नगर पालिका के ठेकेदार ने रातों-रात हैंडपंप को उखाड़कर फेंक दिया। मामला बनकट्टा मुहल्ले के एक हैंडपंप का है, उपरोक्त घटनाक्रम तो सिर्फ एक बानगी है। बता दें कि नगरवासियों को शुद्धजल उपलब्ध कराने की दिशा में पूरे नगर के 25 वार्ड में लगभग 365 हैंडपंप गाड़े गए हैं। ऐसे में बाकी हैंडपंपों की क्या दशा है इसका अंदाजा आप सहज ही लगा सकते हैं। फिलहाल आरटीआई मांगने वाले कार्यकर्ता सोनू गुप्ता को जवाब का इंतजार है। इस सिलसिले में जब ईओ एसपी सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व ईओ दिनेश विश्वकर्मा द्वारा जांच की गई थी, मेरे द्वारा तत्कालीन ईओ की रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी गई है। बता दें कि बनकट्टा मुहल्ले में एक हैंडपंप गाड़कर बीते छह जून को लोकार्पण कर दिया गया। इसके बाद स्थानीय निवासी सोनू गुप्ता ने शंका होने पर नगर पालिका बलिया के तत्कालीन ईओ दिनेश विश्वकर्मा से जानकारी मांगी तो नगर पालिका ईओ ने कहा कि आरटीआई के जरिए जवाब मांग लीजिए। इस पर जब सोनू गुप्ता ने छह बिंदुओं पर जानकारी मांगी तो ईओ का कान खड़ा हुआ और आननह्यफानन में जलकर अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच करने भेजे। इसके बाद जब हैंडपंप की बोरिंग चेक की गई और कर्मचारी उसकी पाइप निकालकर नापे तो पता चला कि बोरिंग महज 65 फीट की गई है। फिलहाल जांच रिपोर्ट जांच अधिकारी शकील के पास है और ईओ के जरिए रिपोर्ट आरटीआई कार्यकर्ता को देने की बात जांच अधिकारी ने स्वीकारी है, लेकिन इस बीच ईओ दिनेश विश्वकर्मा का तबादला होने के कारण फिलहाल मामला ठंडे बस्ते में चला गया है। वहीं नए ईओ सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी गई है।

### महज 20 दिन बाद ही उखाड़ना पड़ा हैंडपंप

गौरतलब हो कि इंडिया मार्का हैंडपंप को बीते छह जून को ही लोकार्पित किया गया था। लेकिन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हैंडपंप महज कुछ ही दिनों बाद उखाड़ना पड़ा, नल भले ही उखड़ गया हो, लेकिन नगर पालिका के भ्रष्टाचार की पोल खुल गई है।

### दोषियों पर गिरेगी गाज : डीएम

बलिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि ईओ द्वारा प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर हैंडपंप योजना में गड़बड़ी पाई गई है। जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## दुल्लहपुर थाने के रामपुर पतारी नहर तिराहा के समीप बीते रात हुई मुठभेड़

# कच्छा-बनियान गिरोह के सरगना को मुठभेड़ में लगी गोली, हुआ गिरफ्तार

- रोहतास जिला के ओकरी गोला थाना का रहने वाला है सरगना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाने के रामपुर पतारी नहर तिराहा के समीप बीते गुरूवार की रात पुलिस और कच्छा-बनियान गिरोह के सरगना से मुठभेड़ हो गया। इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से गोलियां चली। गोलीबारी में गिरोह का सरगना जख्मी हो गया। उसके पैर में गोली लग गई। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक बदमाश किसी लूट की घटना को अंजाम देने की तैयारी में था।

बता दें कि दो दिन पहले ही दुल्लहपुर पुलिस ने कच्छा -बनियान गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया था। लेकिन सरगना मौके से फरार हो गया था। इस गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश जारी है। दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देने के लिए कच्छा-बनियान गिरोह का सरगना खालिसपुर गांव नहर की तरफ से रामपुर पतारी की तरफ जा रहा है।

इस पर उन्होंने तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया। इसके बाद सीओ रविंद्र कुमार वर्मा क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना देते हुए रामपुर पतारी नहर तिराहा के पास घेराबंदी कर दी गई। पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेंद्र कुमार के मुताबिक पुलिस को देखते ही बदमाश झाड़ी में छिपने लगा। पुलिस ने आत्म समर्पण करने को कहा तो उसने फायरिंग झोंक दिया। पुलिस के मुताबिक जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो बिहार के रोहतास जिला के ओकरी गोला थाना निवासी रितेश उर्फ निरहू खरवार पुत्र प्रेमचंद्र के पैर में लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा, तीन खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस सहित सोने और चांदी के जेवरात और 3320 रुपये बरामद हुए। घायल बदमाश को प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।



चार्ज लेते हुए एसपी, मंदिर में पूजा-अर्चना करते एसपी एस आनन्द।



### कई वारदातों को दे चुके हैं अंजाम

**गाजीपुर।** यूपी के गाजीपुर जनपद में लंबे समय से वेश बदलकर रह रहे बिहार के कच्छा -बनियान गिरोह के सदस्य कई संगीन वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बढ़ते अपराध पर नियंत्रण पाने में पुलिस असफल थी। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने काफी छानबीन के बाद कच्छा- बनियान गिरोह का सुराग लगाया। फिर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई। तब जाकर परत- दर-परत घटनाओं का खुलासा होता गया। गिरोह में शामिल कई सदस्यों की तलाश पुलिस कर रही है। इसके लिए जगह-जगह दबिश जारी है।



### सरगना सहित 14 की अबतक हो चुकी है गिरफ्तारी

स्वाट/सर्विलांस टीम व दुल्लहपुर पुलिस द्वारा अंतरप्रांतीय कच्छा -बनियान गिरोह के सरगना सहित कुल 14 अभियुक्तों की गिरफ्तारी अब तक हो चुकी है। इनके पास से चोरी के उपकरण, 99 हजार रुपये नगदी, आठ लाख के आभूषण के साथ ही अवैध असलहा, चाकू आदि बरामद किया गया। पकड़े गए अपराधियों की संपत्ति का पता लगाया जा रहा है।

### बिहार के रहने वाले हैं गिरोह के सदस्य..

पुलिस की नाक में दम करने वाले कच्छा -बनियान गिरोह के सदस्य बिहार प्रांत के आरा जिले के रहने वाले हैं। मामले का खुलासा होने के बाद गाजीपुर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर आरा पुलिस कप्तान सहित अन्य अधिकारियों से संपर्क साधा गया है। साथ ही गिरोह के सदस्यों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

एसपी के निर्देश पर संगीन अपराध को अंजाम देने वाले कच्छा -बनियान गिरोह के सदस्यों पर थाना दुल्लहपुर में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में दुल्लहपुर थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। वहीं फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।

# नवली में पंचायत भवन पर ग्राम चौपाल का आयोजन

- गांव के लोगों की समस्याएं सुनी गईं, मौके पर हुआ समाधान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लाक क्षेत्र के नवली ग्राम पंचायत भवन पर शुक्रवार को शासन के निर्देश पर ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ग्राम चैपाल में कुल 22 विभिन्न तरह के मामले



आए। सभी मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पेंशन आदि के मामले आए। चैपाल में मुख्य अतिथि पूर्ति निरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि इसका मुख्य मकसद गाँव की समस्याओं का गाँव स्तर पर ही समाधान करना है। इससे लोगों को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम चैपाल में शासन की संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर श्रम प्रवर्तन अधिकारी पंचेश्वरी देवी ने कहा कि चैपाल का मकसद गाँव के लोगों की समस्याओं को सुन उनका समय से समाधान करना है। कहा कि सरकार शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को कटिबद्ध है। इसके लिए जल जीवन मिशन के बारे में जागरूक करें। ग्रामवासियों को शुद्ध जल के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि शुद्ध पेयजल के सेवन से नाना प्रकार की बीमारियों से बचा जा सकता है। साथ ही उन्होंने संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए फागिंग, दवाओं का वितरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम पंचायत की खुली बैठक निर्धारित समय पर कराने का निर्देश दिया।

## मुख्य विकास अधिकारी ने अभियान को लेकर की बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# आज से शुरू होगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान, साफ-सफाई पर जोर

**केटी न्यूज/मऊ**

मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के द्वितीय जनपद स्तरीय अंतरविभागीय समन्वय समिति सदस्य व अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। वहीं दस्तक अभियान 17 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। इस अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग एवं पशुपालन विभाग के साथ ही जिला कार्यक्रम विभाग को भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करना है। 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के दौरान इस बार कुष्ठ रोग, फाइलेरिया एवं कालाजार रोग के प्रति भी लोगों को जागरूक कर इनसे बचाव के कार्य किए जाने हैं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोग अभियान से जुड़े विभागों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर इस अभियान को सफल बनाने को कहा। इसके अलावा इस अभियान के नोडल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को उन्होंने पूरे अभियान के दौरान नियमित मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण कर बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने साफ-सफाई हेतु नगर पालिका-नगर पंचायत, पंचायती राज विभाग को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों को दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर तथा जल जनित रोगों तथा गर्म मौसम से संबंधित रोगों से बचाव, रोकथाम एवं उपचार हेतु जागरूक करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने नगर पालिका-नगर पंचायतों को क्षेत्रों में नालियों से कचरों की सफाई करवाना, नियमित फागिंग, लार्विसाइडल स्प्रे तथा साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए। उन्होंने अन्य विभागों के लिए भी निर्धारित कार्यों को अभियान के दौरान नियमित रूप से करने को कहा। दस्तक अभियान के दौरान प्रशिक्षित फ्रंटलाइन वर्कर्स (आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता) द्वारा घर-घर जाकर विभिन्न रोगों के नियंत्रण एवं उपचार की जानकारी प्रदान करने के साथ ही कुपोषित बच्चों तथा विभिन्न रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया जाना है, जिससे विभिन्न रोगों के लक्षण युक्त व्यक्तियों का समय से उपचार सुनिश्चित किया जा सके एवं संक्रामक रोगों से लोगों को बचाया भी जा सके। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेश अग्रवाल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते अधिकारी।

## एक नजर

### बीएसए मनीराम सिंह का हुआ तबादला, मनीष सिंह बने नए बीएसए

**बलिया।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर बेसिक शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण का निर्देश जारी किया है। सरकार द्वारा जारी निर्देश के क्रम में 55 अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। बलिया बीएसए का भी ट्रांसफर हुआ है। स्थानांतरित अधिकारियों की सूची में बलिया के बीएसए मणिराम सिंह भी हैं जिन्हें सरकार ने पैदल करते हुए आजमगढ़ डायट में वरिष्ठ प्रवक्ता के पद पर तैनात किया है। वहीं जौनपुर डाइट में तैनात वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया बनाया गया है। सरकार द्वारा जारी 55 अधिकारियों की जारी सूची में बीएसए बलिया मनीराम सिंह को डायट आजमगढ़ के वरिष्ठ प्रवक्ता के पथ पर भेजा गया है। जौनपुर डायट पर तैनात वरिष्ठ प्रवक्ता मनीष कुमार सिंह को शासन ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलिया के पद पर तैनाती दी है।

### जे एन सी यू की परीक्षाओं की समय सारिणी घोषित

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एस एल पाल ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 / गैर नई शिक्षा नीति (पुराना पाठ्यक्रम) बीए, बीएससी, बी. काम., बी. एस-सी.(कृषि), बीएड, बीपीएड, एलएलबी, बीसीए आदि स्नातक तथा व्यावसायिक तथा एमए, एमएस-सी, एमएस-सी(कृषि), एमकाम., एमएस डब्लू., एमएड आदि परास्नातक तथा पी जी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, षष्ठ) की परीक्षाओं की परीक्षा दिनांक 10 जुलाई से प्रारंभ होंगी। ये परीक्षाएं दो पालियों प्रातः 8.00-11.00 तथा अपराह्न 2.00- 5.00 में आयोजित होंगी। इन परीक्षाओं की विस्तृत समय-सारिणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षार्थियों को यह निर्देश दिया जाता है कि समय-सारिणी के अनुसार अपना प्रवेश पत्र लेकर ही परीक्षा केंद्र पर पहुँचें। किसी भी अग्रेतर सूचना या निर्देश के लिए विवि की वेबसाइट को देखते रहें।

### कबाड़ की दुकान में अगलगी से लाखों की हुई क्षति

रसड़ा। नगर के प्राइवेट बस स्टैंड के समीप शुक्रवार की भोर में लगभग तीन बजे शार्ट सर्किट के कारण संतोष कबाड़ी के दुकान में आग लग गई। इस घटना में लाखों रुपए की कबाड़ के सामान आग की भेंट चढ़ गई। बताया जाता है कि अचानक शार्टसर्किट से लगी आग से दुकान में रखा कबाड़ का सामना धू.धू कर जलने लगा और विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना तुरंत दुकानदार संतोष गुप्ता को देने के साथ फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पर अग्निशमन दल के जवान दो गाडियां लेकर मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। आग बुझाने में आसपास के लोग भी लगे रहे। कई घंटे तक काफी मशक्कत के बाद सुबह में आग पर काबू पाया गया।

### मुहम्मदाबाद तहसील पर मुख्य समाधान दिवस का आयोजन

गाजीपुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में एक जुलाई 2023 को तहसील मुहम्मदाबाद में आयोजित किया जाएगा। जबकि अन्य तहसीलों में उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण होगा। जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार ने जनपद गाजीपुर के जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि अपकी किसी भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, तो मुख्य तहसील दिवस पर उपस्थित रहें। जिससे समस्या का तत्काल निस्तारण कराया जाएगा।

### भाइयों ने ही गायब कर दिए बहन के बक्से से गहने और नकद, मुकदमा दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया।** बहन की सुरक्षा की कसम लेने वाले भाई चंद पैसों के लालच में सारे वादे भूल जा रहे हैं। बदलते समाज में रिश्ते की अहमियत खत्म-सी हो गई है। शहर के दालपट्टी भृगु आश्रम में एक महिला ने पति की मौत के बाद अपने गहने व जमा पूंजी सुरक्षित रखने के लिए भाइयों को दे दिया। कुछ दिनों बाद बक्से से कीमती गहना व नगदी गायब हो गया। पीड़ित महिला ने अपने ही भाई व भतीजा पर चोरी का इल्जाम लगाया है। पुलिस ने इस मामले में महिला के भाई भोला सा, परशुराम साह व भतीजा राजेश साह पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### बेटी की शादी कर लौट रहे लोगों पर लाठी-डंडे से हमला, 15 जख्मी

**केटी न्यूज/गाजीपुर।** रेवतीपुर थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव के सामने मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को कामाख्या धाम से पुत्री की शादी कर परिवार व रिश्तेदारों समेत पिकअप से घर लौट रहे लोगों पर बाइक सवार लोगों ने लाठी-डंडा से हमला बोल दिया। इसके चलते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस हमले में एक ही पक्ष के कुल 15 लोग घायल हो गए। मौके पर चीख-पुकार मच गई। खुद को पकड़े जाने के डर से सभी हमलावर फरार हो गए। मौके पर इस मारपीट के बाद लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। किसी तरह स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को सीधे रेवतीपुर स्थित सीएचसी पहुंचाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना को लेकर लडकी के पिता हरिशचंद्र राम निवासी गौरा थाना सुहवल ने रेवतीपुर थाने में बारह लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। इस आधार पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घायलों में लड़की के पिता हरिश्चंद्र राम (40) गौरा, मित्रसेन (20) रक्सहां, संजय (21) गौरा, अरविन्द (24) महुजी चंदौली, रामकुमार (14) गौरा, धनवर्ती (28) गौरा, संती देवी (50) गौरा, मोती चंद (30) गौरा, गोविन्द प्रसाद (30) गौरा, अंकिता कुमारी (15) गौरा, लक्ष्मिना देवी (36) गौरा, सीमा देवी (35) महुजी चंदौली, सोहागन देवी (33) हरपुर, राजेन्द्र प्रसाद (40) गौरा व जितेन्द्र (24) गौरा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट के मामले में सूचना मिली है। घायलों का इलाज जारी है।